Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

OY-82-275

कृपया पेपर शुरू करने से पहले जांच कर लें, छपे पृष्ठों की संख्या.-6

रोल नं. 0 0 2

एफ० ए०-1 परीक्षा-2014-2015

विषय - हिन्दी

कक्षा - आठवीं

समय: 1:30 घंटे **पूर्णांक : 40**

निर्देश –

1 सभी प्रश्न अनिवार्य है।

भाग क

अपठित गद्यांश और पद्यांश

1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए

वातावरण एवं वायु-मंडल का दूषित होना प्रदूषण कहलाता है। प्रदूषण की समस्या सम्पूर्ण विश्व में बड़ी ही तीव्रता से अपना प्रभाव जमाती जा रही है। आज समस्त मानव जाति इस समस्या से आतंकित है, और विश्व का प्रत्येक देश अपने-अपने ढंग से इस समस्या के समाधान में सलंग्न है। प्रदूषण एक ऐसी विकट समस्या है, जिसका समुचित समाधान नहीं हो पा रहा है। वैज्ञानिकों का मत है कि समय रहते यदि तत्काल फैल रहे इस प्रदूषण को सही ढंग से नियंत्रित नहीं किया गया तो आगामी दशकों में सम्पूर्ण धरती किसी भी जीवधारी के रहने योग्य नहीं रहेगी। प्रदूषण का प्रभाव वनस्पतियों पर भी होगा और यह शस्यश्यामला धरती विकृत वनस्पतियों के कारण अपनी सम्पूर्ण सुन्दरता एवं उपादेयता खो देगी।

1 आज मानवजाति को कौन-सी समस्या भयभीत कर रही है?

(क) वातावरण की समस्या

(ख) प्रदूषण की समस्या

(ग) वायुमंडल की समस्या

[P.T.O.]

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

(घ) सम्पूर्ण विश्व की समस्या

2 हर देश इस समस्या के लिए क्या कर रहा है?

(क) बढ़ा रहा है

(ख) वार्तालाप कर रहा है

(ग) समाधान के उपाय ढूँढ़ रहा है

(घ) हल खोज लिया है

3 इस समस्या के दुष्परिणाम के बारे में असत्य कथन कौन-सा है?

क पृथ्वी प्राणियों के रहने योग्य नहीं रहेगी

ख प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ जाएँगी

ग वनस्पतियों को बहुत क्षति पहुँचेगी

घ पृथ्वी की सुंदरता नष्ट हो जाएगी

4 धरती का सौंदर्य किनके कारण बना हुआ है?

(क) ऊँचे भवनों के कारण

(ख) जीवधारियों के कारण

(ग) वनस्पतियों के कारण

(घ) वैज्ञानिकों के कारण

5 उपयुक्त गद्यांश का शीर्षक हो सकता है-

(क) धरती का सौंदर्य

(ख) धरती की सुंदरता

(ग) विकट समस्या

(घ) प्रदूषण-एक विकट समस्या

2 निम्न पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए

मन-मोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
सुख-स्वर्ग -सा जहाँ है वह देश कौन-सा है?
जिसका चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है,

[P.T.O.]

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन-सा है?

नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं

सींचा हुआ सलोना, वह देश कौन-सा है?

जिसके बड़े रसीले फल-कंद-नाज मेवें?

सब अंग में सजे है, वह देश कौन-सा है?

1 मन को हर लेने वाली प्रकृति की गोद में कौन-सा देश बसा है?

(क) कवि का गाँव

(ख) कवि का प्रदेश

(ग) भारत देश

(घ) कवि की जन्मभूमि

2 उस देश के चरणों को कौन धो रहा है?

(क) नदियां

(ख) सागर

(ग) कुबेर

(घ) बादल।

3 यहाँ की नदियों के पानी को कैसा बताया गया है?

(क) गंगाजल के समान

(ख) पवित्र

(ग) जीवनदाबी

(घ) अमृत के समान।

4 इस देश का आँगन किससे भरा हुआ है?

(क) रसीले फलों से

(ख) विभिन्न प्रकार के अनाज से

(ग) पौष्टिक मेवों से

(घ) उपर्युक्त सभी।

[P.T.O.]

© www.ncerthelp.com
Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

5 'अमृत' शब्द का पर्यायवाची क्या है?

(क) सुधा

(ख) रत्नेश

(ग) सलोना

(घ) कंद

खण्ड ख (व्याकरण) 1×5=5

1 'राम' एक ईमानदार लड़का है' में कौन-सा विशेषण है

(क) परिमाण वाचक

(ख) सार्वनामिक

(ग) गुणवाचक

(घ) उपर्युक्त सभी।

2 'बदलू मनिहार या' .... वाक्य में रेखांकित शब्द किस प्रकार का शब्द है

(क) व्यक्तिवाचक

(ख) भाववाचक

(ग) जातिवाचक

(घ) इनमें से कोई नहीं।

3 'सुख-दुख' में कौन-सा समास है-

(क) द्विगु समास

(ख) कर्मधारण समास

(ग) द्वंद्व समास

(घ) उपर्युक्त सभी

4 'इक' प्रत्यय वाला शब्द कौन-सा है

(क) रहित

(ख) इकतारा

(ग) सामाजिक

[P.T.O.]

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

(घ) दिकतर।

5 'रवि+इन्द्र' से कौन-सा शब्द बनता है-

(क) रविन्द्र

(ख) रवेन्द्र

(ग) रवीन्द्र

(घ) रविइन्द्र

खण्ड ग

1 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए 3×3=9

क मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या-क्या बदलाव आए?

ख फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन से प्रयास करता है?

ग 'मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था' - लेखक पेड़ों को अपना दुश्मन क्यों समझ रहा था?

घ 'दीवानों की हस्ती' - कविता में कौन- कौन सी बातें आपको सबसे अच्छी लगी?

पूरक पुस्तक से

2 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए 3×2=6

क 'भारत की खोज' नाम पुस्तक किसने और कब लिखी?

ख नेहरू जी ने सिंधु -घाटी सभ्यता को आश्चर्य जनक क्यों कहा है?

ग आपके अनुसार भारत यूरोप की तुलना में तकनीकी विकास की दौड़ में क्यों पिछड़ गया था?

भाग घ (लेखन)

5×2=10

1 जरूरी काम के लिए प्राचार्य जी को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखो।

या

[P.T.O.]

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions, CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
© www.ncerthelp.com

अपने मित्र को जन्म दिन पर बधाई पत्र लिखो।

2 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखो-

क विधार्थी जीवन

ख बसंत ऋतु

ग समय का सदुपयोग

घ वनों का महत्व

ड किसी यात्रा का वर्णन।

****

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12